Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding increasing incidents of cow smuggling in Lohardaga Parliamentary Constituency, Jharkhand -laid.

श्री सुदर्शन भगत (लोहरदगा): मेरे संसदीय क्षेत्र अंतर्गत गुमला, लोहारदगा व रांची जिले में बढ़ रही गौ तस्करी जैसे अपराधों की लगातार बढ़ रही घटनाओं की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ । छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा से जुड़ा होने के कारण यह क्षेत्र गौ तस्करी एवं प्रतिबंधित मांस की बिक्री करने जैसे अपराध करने वालों का केंद्र बनता जा रहा है । राज्य सरकार की लापरवाही के कारण गौ तस्करी करने वालों के हौसले बुलंदी पर है । क्षेत्र में प्रतिबंधित मांस की बिक्री किये जाने की घटनाएँ भी बढ़ रही हैं । ऐसी परिस्थिति में स्थिति तनावपूर्ण बनी रहती है अत: यह मामला क्षेत्र की शांति व्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती बनती जा रही हैं ।

मैं सरकार से आग्रह करना चाहूँगा कि केंद्र सरकार इसमें हस्तक्षेप करते हुए झारखण्ड राज्य सरकार को सख्त दिशानिर्देश जारी करने की कृपा करें । क्योंकि वर्तमान राज्य सरकार द्वारा इस सम्बंध में बरती जा रही लापरवाही को ध्यान में रखते हुए, इस स्थिति पर किसी प्रकार से भी काबू पाने की उम्मीद नहीं की जा सकती । अनेकों बार राज्य सरकार को जनता द्वारा शिकायतें की जाती रही हैं, किन्तु अभी तक कोई ठोस समाधान नहीं निकाला जा सका है । लगातार किसी एक वर्ग की धार्मिक भावनाओं को आहत करना, क्षेत्र की शांति व्यवस्था एवं आपसी सौहार्द बनाये रखना एक बड़ी चुनौती है ।

उपरोक्त मुददे के सन्दर्भ में मेरे संसदीय क्षेत्र के तीनों जिलो गुमला,लोहरदगा व रांची जिला अंतर्गत मॉण्डर विधानसभा क्षेत्र में बढ़ रही बेतहाशा गौ तस्करी को रोकने, प्रतिबंधित मांस की बिक्री के अवैध व्यापार की घटनाओं व पशुओं के विरुद्ध किये जा रहे गैर कानूनी कार्यों को रोकने हेतु, केंद्र सरकार द्वारा झारखण्ड सरकार को नवीन दिशानिर्देश जारी करने की कृपा करें, इसमें झारखण्ड राज्य सरकार द्वारा जनभावना को ध्यान में रखते हुए, क्षेत्र में

सामाजिक सौहार्द एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए ठोस कदम उठाये जाने चाहिये ।